# RAMA VISION LIMITED

**Corp. Off.:** Rama House, 23, Najafgarh Road, Industrial Area, Shivaji Marg, New Delhi-110015 (INDIA)
Tel.: 011-45349999 Website: www.ramavisionltd.com Email ID: info@ramavisionltd.com

**RVL/SECT/STEX/2026** **August 11, 2026**

**BSE Ltd.**
**Corporate Relationship Department**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street**
**Mumbai- 400001**
**BSE Scrip Code: 523289**

**Subject: Compliance under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement published on August 11, 2026 in English Daily "Financial Express" Delhi Edition & Hindi Daily "Uttar Ujala" Nainital Edition regarding Notice to shareholders intimating them about the re-opening of a Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities for a period of one year, i.e., from February 05, 2026 to February 04, 2027, in accordance with SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026.

This intimation shall also be available on the website of the Company www.ramavisionltd.com.

This is for your kind information and record please.

Thanking you,
Yours faithfully,
For **RAMA VISION LIMITED**

Raj Kumar Sehgal
Digitally signed by Raj Kumar Sehgal
Date: 2026.08.11 15:07:35 +05'30'

**(Raj Kumar Sehgal)**
**G.M. (Legal) & Company Secretary**
Encl: As above

# ओलंपिक की मेजबानी के संकल्प के साथ मंत्री रेखा ने उठाई कांवड़

## गंगाजल लेकर 22 किलोमीटर पैदल चलकर ऋषिकेश के वीरभद्र मंदिर में करेंगी रुद्राभिषेक



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** भारत को वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी मिलने और देश को खेलों के क्षेत्र में विश्व की खेल महाशक्ति बनाने के संकल्प के साथ खेल मंत्री रेखा आर्य ने सोमवार को हरकी पैड़ी से कांवड़ उठाई। उन्होंने मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गंगाजल लिया और करीब 22 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए ऋषिकेश रवाना हुईं। वह ऋषिकेश के वीरभद्र मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगी। कांवड़ यात्रा में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, महेश पुरी महाराज समेत कई साधु-संत और खेल प्रेमी मौजूद रहे। हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन के बाद जयघोष और भोले के भक्ति गीतों के बीच मंत्री पैदल यात्रा पर रवाना हुईं। रेखा आर्य ने कहा कि उनके दो प्रमुख संकल्प हैं। पहला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2036 ओलंपिक खेलों की सफल मेजबानी मिले और दूसरा, भारत खेलों के क्षेत्र में विश्व की खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित हो। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के आशीर्वाद से दोनों संकल्प पूरे होंगे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि खेलों के माध्यम से देश का गौरव बढ़ाना भी राष्ट्रसेवा है। उन्होंने मंत्री के संकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का संदेश देगी। रेखा आर्य पिछले वर्ष भी हरकी पैड़ी से गंगाजल लेकर 22 किलोमीटर पैदल वीरभद्र मंदिर पहुंची थीं। इस बार उनके पति भी कांवड़ यात्रा में साथ हैं।

# छह घंटे की बारिश से हरिद्वार बेहाल, कई इलाकों में जलभराव



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले के अंतिम चरण में सोमवार को करीब छह घंटे हुई झमाझम बारिश ने हरिद्वार की व्यवस्थाओं की परीक्षा ले ली। सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई तेज बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। सड़कों और चौक-चौराहों पर पानी भरने से स्थानीय लोगों के साथ कांवड़ियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के बावजूद कांवड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ और वह भीगते हुए हरकी पैड़ी तथा अन्य गंगा घाटों की ओर जाते रहे। भगत सिंह चौक, रानीपुर मोड़, कनखल और उत्तरी हरिद्वार के कई इलाकों में सड़कें पानी से भर गईं। कई दुकानों तक पानी पहुंच गया। दुकानदारों को पानी निकालने के लिए खुद मशक्कत करनी पड़ी। जलभराव के कारण कुछ समय यातायात भी प्रभावित रहा। वहीं डाक कांवड़ियों की पार्किंग में पानी भरने से कीचड़ हो गया, जिससे कई वाहन फंसते नजर आए। प्रशासनिक रोड और शंकराचार्य चौक पर भी बारिश का पानी जमा होने से लोगों को परेशानी हुई। कांवड़ मेले के चलते पहले से सड़कों पर वाहनों और श्रद्धालुओं का दबाव है। ऐसे में जलभराव के कारण यातायात व्यवस्था संभालना पुलिस के लिए चुनौती बन गया।

लगातार बारिश के कारण मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर भी मिट्टी बहने से फिसलन बढ़ गई। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। श्रद्धालुओं को मार्ग पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। बारिश के बीच जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने जलभराव वाले क्षेत्रों और कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने जल निकासी, यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी है। बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव हुआ है, जिसकी लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को तत्काल जल निकासी कराने के निर्देश दिए गए हैं।


### रामा विजन लिमिटेड

[CIN : L32203UR1989PLC015645]

**कॉर्पोरेट कार्यालय :**- रामा हाउस, 23, नजफगढ़ रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, शिवाजी मार्ग, नई दिल्ली-110015 (भारत) फोन. नं. 011-45349999 वेबसाइट- http://www.ramavisionltd.com ईमेल आईडी:-investor_relations@ramavisionltd.com, info@ramavisionltd.com

**पंजीकृत कार्यालय:**- प्लॉट नं. 10/1, 10/2, खसरा नं. 302 और 307, हिमालयन मेगा फूड पार्क, सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर, महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-244713 फोन नं.- 05947-297511 ईमेल आईडी- site1@ramavisionltd.com

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमैटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो**

कंपनी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक (1) वर्ष की अवधि के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है। यह विंडो उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटेरियलाइजेशन (डीमैट) की सुविधा के लिए बनाई गई है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेचा या खरीदा गया था। इसमें वे हस्तांतरण अनुरोध भी शामिल हैं जो पहले अपूर्ण दस्तावेजों, प्रक्रिया में कमियों या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस/लंबित रह गए थे।

इस अवधि के दौरान, कोई भी हस्तांतरित प्रतिभूतियां केवल डीमैट मोड में ही ट्रांसफरी को जमा की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के अधीन होंगी। कृपया ध्यान दें कि लॉक-इन अवधि के दौरान इन प्रतिभूतियों को ग्रहणाधिकार चिन्ह लगाना या गिरवी नहीं रखा जा सकेगा। ऐसे सभी हस्तांतरण-सह-डीमैट अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया उपरोक्त सेबी परिपत्र देखें। पात्र निवेशकों से अनुरोध है कि वे शेयरों के हस्तांतरण और डीमैटेरियलाइजेशन के लिए अपना अनुरोध, मूल शेयर प्रमाणपत्रों और उपरोक्त सेबी परिपत्र में निर्दिष्ट अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) अर्थात मैसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट नं. NH-2, C-1 ब्लॉक, LSC, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 को निर्धारित अवधि के भीतर जमा करें। ईमेल आईडी- delhi@in.mpms.mufg.com फोन नं.- 011-49411000

**नोट:**- सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी/RTA/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास अपना ईमेल-आईडी अपडेट करें।

दिनांक- 10 अगस्त, 2026
स्थान- नई दिल्ली

**रामा विजन लिमिटेड के लिए**
हस्ताक्षर/- राज कुमार सहगल
GM (विधिक) और कंपनी सचिव



### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैंने अपने बड़े भाई जावेद खान व भाभी आमना खातून को, उनके गलत आचरण में पड़ने के कारण, उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मेरा उनसे किसी भी प्रकार का वास्ता सरोकार नहीं रहेगा तथा उनके किसी भी प्रकार के कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं रहेगा। किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

**परवेज खान पुत्र स्व. एम. आई. खान, निवासी- वार्ड नंबर 5 पूर्णागिरी कालोनी, खटीमा जिला-ऊधम सिंह नगर**


# चोर की करंट लगने से मौत

**हरिद्वार।** अलीपुर और इब्राहिमपुर गांव की सीमा पर चलती बिजली लाइन के ट्रांसफॉर्मर से चोरी करने पहुंचे एक व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर की बाउंड्रीवाल के अंदर शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। रविवार रात बारिश के दौरान अलीपुर-इब्राहिमपुर गांव की सीमा लगे एक ट्रांसफार्मर से चोरी करने एक चोर पहुंचा। चोर को लगा कि बिजली नहीं है सीधे कटर से तार काटने लगा तभी उसे जोरदार झटका लगा चोर की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गांवों की सीमा पर स्थित ट्रांसफॉर्मर पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के हाथ में तार काटने वाला बिजली का कटर मिला। उसकी जेब से प्लास, पेचकस समेत अन्य सामान भी बरामद हुआ।

# शिवरतन सिटी फेस-2 में सड़कों का लोकार्पण

## पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने विकास कार्य क्षेत्रवासियों को किए समर्पित



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** नवोदय नगर के वार्ड संख्या-13 स्थित शिवरतन सिटी फेस-2 में विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने विकास कार्यों को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। वहीं गणेश एन्क्लेव की गली नंबर-18 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही स्थानीय यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। गणेश एन्क्लेव में निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने भी खुशी जताई। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा का स्वागत कर विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को तिरंगा ध्वज वितरित किया। उन्होंने लोगों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस को उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने का आह्वान किया। राजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली, पार्क, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और नगर पालिका क्षेत्र का संतुलित एवं निरंतर विकास सुनिश्चित करना पालिका की प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभासद दीपक नौटियाल, मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, बिंदरपाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीतू चौधरी, श्वेता सिंह, मुकेश रावत, वतन वर्मा, रामनिवास गुर्जर, आकाश पाल, नीरज प्रेमी, भानु प्रताप सिंह, अंशुल शर्मा, गौरव गुर्जर, देव विख्यात भाटी, वेदांत चौहान, आदित्य मलिक, रणधीर प्रताप सिंह समेत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# झारखंड में छात्रों का रचनात्मक आंदोलन

## कविता, कटाक्ष और पोस्टर बने हथियार

**रांची।** सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे झारखंड के छात्र अपने गुस्से को हिंसा या अपशब्दों के बजाय रचनात्मक अंदाज में आवाज दे रहे हैं। प्रदर्शन स्थल पर कहीं सरकारी नौकरियों का फर्जी रेट कार्ड लगा है, कहीं व्यंग्यात्मक पोस्टर हैं तो कहीं रश्मिरथी की पंक्तियां गूंज रही हैं।

रांची के बीचोंबीच स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 500 रुपये के नोट जैसी दिखने वाली गड्डियों से लदा एक तराजू सरकारी नौकरियों के नकली रेट कार्ड के पास रखा है। वहीं कुछ दूरी पर छात्र रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कृति रश्मिरथी की पंक्तियां सुनाते नजर आते हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच इस कविता का कृष्ण की चेतावनी खंड सबसे अधिक लोकप्रिय है और इसके जरिए महाभारत के प्रसंग को मौजूदा भर्ती आंदोलन से जोड़ा जा रहा है। प्रदर्शनकारी छात्र खासकर ये पंक्तियां सुनाते नजर आते हैं, वर्षों तक वन में घूम-घूम, बाधा-विघ्नों को चूम-चूम, सह धूप-घाम, पानी, पत्थर, पांडव आए कुछ और निखर। छात्र इन पंक्तियों के जरिए पांडवों के वर्षों के संघर्ष की तुलना सरकारी भर्तियों और नियुक्तियों को लेकर अनिश्चितता के बीच प्रतियोगी परीक्षाओं की अपनी तैयारी से कर रहे हैं।

कुछ छात्रों ने व्यंग्यात्मक नौकरी बिक्री केंद्र बनाया है, जिसमें सहायक शिक्षक के पद की कीमत 15 लाख रुपये, पुलिस उपाधीक्षक की 1.2 करोड़ रुपये, प्रखंड विकास अधिकारी की 90 लाख रुपये और अंचल अधिकारी की एक करोड़ रुपये बताई गई है। कुछ पोस्टर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर के साथ काल्पनिक मुख्यमंत्री सीट बेचो योजना का जिक्र किया गया है और व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा है, पेमेंट करो आराम से, नौकरी पाओ सम्मान से। प्रदर्शनकारी छात्र विवेक ने सफेद टी-शर्ट पर स्याही से लिखा है, व्यवस्था ने हमें निराश किया है। एक अन्य स्थान पर एक छात्रा झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिवंगत संस्थापक शिबू सोरेन के बड़े पोस्टर के सामने सिर झुकाकर उनके पुत्र एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छात्रों के साथ अन्याय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की अपील करती नजर आई। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने ऐसा पोस्टर थाम रखा है, जिसमें एक न्यायाधीश को सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) से कागज की जांच करते दिखाया गया है और उसके साथ एक व्यंग्यात्मक संदेश लिखा है, माइक्रोस्कोप इतना पावरफुल (शक्तिशाली) निकला कि सबूत दिखे नहीं, गायब कर दिए गए।

कुछ पोस्टर पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और उनकी पत्नी की तस्वीर प्रमुखता से लगाई गई है। उनकी पत्नी को झारखंड लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। पोस्टर पर मुख्यमंत्री के साथ उनकी तस्वीर के पास लिखा है, जब मित्र और पार्टी नेता की पत्नी को जेपीएससी का सदस्य बनाया गया है तो निष्पक्ष जेपीएससी परीक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? एक प्रदर्शनकारी छात्र की तख्ती पर लिखा है, न कोयला खदान मांगते हैं, न विधायक का पद, हम जेएसएससी-जेपीएससी का प्रश्नपत्र रद्द कराना चाहते हैं। एक अन्य छात्र झारखंड सरकार को संबोधित पोस्टर थामे नजर आया जिस पर लिखा है, प्रिय झारखंड सरकार, अपना भविष्य बचाइए। यहां भविष्य से आशय प्रदर्शनकारी छात्रों से है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी भी राजनीतिक कटाक्ष में शामिल हुई और उसने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए एक पोस्टर लगाया, जिस पर लिखा है, कब आओगे मेरे राहुल, तुम्हें झारखंड बुलाता है।

एक छात्र नेता ने आंदोलन की अलग शैली को बयान करते हुए कहा, झारखंड के छात्रों के आंदोलन की अपनी अलग भाषा है-पत्थर नहीं, नारे, तोड़फोड़ नहीं, दृश्य संदेश, चुप्पी नहीं, व्यंग्य। प्रदर्शनकारी संजीव कुमार ने कहा, हम छात्र हैं और हमें न्याय एवं व्यवस्था में सुधार चाहिए। हमारा आंदोलन केवल भर्ती प्रक्रिया में सुधार पर केंद्रित है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच ने यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया है कि प्रदर्शन में अपमानजनक या अभद्र भाषा का इस्तेमाल न हो। प्रदर्शन स्थल पर प्रमुखता से प्रदर्शित एक आचार संहिता में प्रतिभागियों से मंच से राजनीतिक, धार्मिक या जातिगत बयान देने से बचने की अपील की गई है। इसमें कहा गया है, मूल उद्देश्यों से न भटकें। हमारी लड़ाई व्यवस्था में सुधार के लिए है। अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें। आयोजकों ने कहा कि इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य आंदोलन को उसकी मूल मांगों पर केंद्रित रखना है। परीक्षा व्यवस्था में सुधार के अलावा प्रदर्शनकारी 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने और भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि जांच या तो केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जाए या राज्य के बाहर के सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की समिति से। छात्रों का प्रदर्शन रविवार को 16वें दिन भी जारी रहा।


### उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जनपद-नैनीताल

**नीलामी की सार्वजनिक सूचना**

मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल के अधीन , राजकीय पौधालय रामनगर के अन्तर्गत अवस्थित (राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, रामनगर की बाउन्ड्री से लगा हुआ) निष्प्रयोजन भवन स्थित हैं। भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। अतः निष्प्रयोजन भवन की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की जा रही है। नीलामी की तिथि दिनांक 19.08.2026 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे निर्धारित की जाती है।

अतः इच्छुक नीलामी दाता अपनी बोली हेतु कार्यालय प्रभारी, राजकीय पौधालय रामनगर में उक्त तिथि को ससमय उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल/ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक /प्रभारी, राजकीय पौधालय रामनगर से किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक मोबाइल नम्बर-9411168075
प्रभारी राजकीय पौधालय रामनगर मोबाइल नम्बर-9012805531
Telefax-05942-247266
E-mail:horti.nainital@gmail.com

मुख्य उद्यान अधिकारी
नैनीताल
स्थित-विकास भवन-भीमताल
पिन कोड-263136



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., नैनीताल

पत्रांक:2630/ निविदा दिनांक 10-08-2026 दूरभाष नं. 05942-235572 फैक्स नं. 05942-233549 E-Mail-eepdpwdntl@gmail.com

**निविदा सूचना**

**महामहिम** राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मोहरबंद निविदा **दिनांक 25-08-2026** के **अपरान्ह 12:00 बजे** तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12-08-2026 से 24-08-2026** तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा **दिनांक 25-08-2026 अपरान्हः 12:00 बजे** तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

01. अधीक्षण अभियंता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल।
02. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल
03. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल।
04. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 रूद्रपुर

| क0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | निविदादाताओं के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | The work of extention of conference Hall, located at the ground floor of Hon'ble the Chief Justice Block | 10000.00 | 500+ 18%GST | 03 Month | 60 दिन | भवन निर्माण कार्य हेतु"D"एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |

निविदा दिनांक **25-08-2026 को अपरान्ह 3:30** बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। **अन्य शर्ते** निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रा. ख., लो.नि.वि., नैनीताल**



### DIRECTORATE
**Uttarakhand Agriculture Produce Marketing Board**
**Mandi Bhawan, Rudrapur (U.S.Nagar)**
Ph:05944-250056 fax: 05944-250059
U.k.A.M.B./2026-1173 Date:10-08-2026

**Public Information**

Uttarakhand Agriculture Produce Marketing Board, Rudrapur is developing Vipnan Bazar on land located in Agro Campus, Haldwani Board has already published information to give on lease rent.

Auction of Selected Bidders (Except Shop 03, 06,08, 14, 15, 16, 17, 18, 19) to be carried out on 10.08.2026 (Monday) from 12.00 pm to 6.00 pm has been resheduled on 12.08.2026 from 12.00 pm to 6:00 pm. on https://www.procfox.com for further necessary action.

**General Manager (Finance)**



**कार्यालय - सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर ( नैनीताल )**

पत्रांक : उ.वि.शि.प./ यू.टी.ई.टी. 2026-विज्ञप्ति 03/118-122/2026-27 दिनांक 6 अगस्त 2026

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय ( UTET-I & II ) 2026**
**ऑनलाइन आवेदन में संशोधन हेतु तिथि सम्बन्धी सूचना**

परिषद् के पत्रांक - उ.वि.शि.प./यू.टी.ई.टी. 2026-विज्ञप्ति 01/77-81/2026-27 दिनांक 14 जुलाई 2026 क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) UTET-I&II 2026 का आयोजन दिनांक 29 सितम्बर 2026 (मंगलवार) को (क्रमशः प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक UTET-I तथा अपराह्न 02.00 बजे से 04.30 तक (UTET-II) राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा-2026 (प्रथम एवं द्वितीय) में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com पर दिनांक 14 जुलाई 2028 से 11 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन (शुल्क सहित) आमंत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हुई है तो त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 12 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 (रात्रि 11.59 बजे तक) खोला जायेगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने ऑनलाइन आवेदन में त्रुटिपूण प्रविष्टियों में (शुल्क को छोड़कर) संशोधन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी दशा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा। त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि निम्नवत है-

-**आवेदन पत्रों में संशोधन करने की तिथि :** 12 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 (रात्रि 11.59 बजे तक)

शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

**सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल।**



### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि., विद्युत वितरण खण्ड, सितारगंज

**स्मार्ट मीटर सम्बन्धी समस्या विद्युत बिलों को जमा करना, विद्युत बिलो में संशोधन, आई0डी0एफ0 मापक बदलने एवं नवीन संयोजन हेतु शिविर सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज के अन्तर्गत सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि स्मार्ट मीटर सम्बन्धित शिकायतों, विद्युत बिलों को जमा करने, नये संयोजन निर्गत करना, त्रुटिपूर्ण बिलों को सही कराना, आई0डी0एफ0 मापक बदलने की शिकायतों के निवारण हेतु दिनांक 12.08.2026 को समय सुबह 10:00 बजे से 02:00 बजे तक विद्युत शिविर का आयोजन विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज के कार्यालय में किया जायेगा शिविर के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपभोक्ता उल्लिखित क्षेत्रों के सम्मुख सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी से दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है। विवरण निम्नवत् है।

| | |
|---|---|
| उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम सितारगंज (9412091264) अवर अभियन्ता सितारगंज (9917210395) एवं बरा (9412091273), सरकड़ा चीनीमिल (9058055999) | उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय (9411108050) अवर अभियन्ता चोरगलिया - 8279662502, जेलकैम्प व सिडकुल -9411108060 व नानकमता (9411108298) |

अतः सभी सम्मनित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निवारण कर शिविर का लाभ उठायें एवं समय पर अपना विद्युत बिल जमा कर विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।

उपभोक्ता टोल फ्री नं0 - 18004190405 एवं 1912 पर भी अपनी शिकायतों को भी दर्ज करा सकते है।

" विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org"
"राष्ट्राहत म ऊजा बचायं"

संख्या: 2563 दिनांक: 10.08.2026

**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, सितारगंज**



### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.,

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत द्वितीय कार्य मण्डल 132 केवी उपसंस्थान परिसर, हाईडिल कालोनी, काठगोदाम ( हल्द्वानी )** फोन आफिस-2666050

पत्रांक संख्या: 644 दिनांक: 10.08.2026

**समयवृद्धि सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमन्त्रित ई-निविदा सं. 05/विद्विकामं (ह)/2026-27 जो कि दिनांक 04.08.2026 को खोली जानी थी को विस्तारित करते हुये दिनांक 11.08.2026 की गयी। परन्तु विस्तारित करने के उपरान्त भी पर्याप्त संख्या में निविदाकारों द्वारा प्रतिभाग न करने के कारणवश अब दिनांक 18.08.2026 को 14.00 बजे तक समय विस्तारित कर खोली जायेगी तथा दिनांक 17.08.2026 को 12.00 बजे तक ऑनलाइन/ऑफलाइन जमा की जायेगी। निविदा की अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी

**राष्ट्रहित में बिजली बचाएं**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत द्वितीय कार्य मण्डल, हल्द्वानी**


## राशिफल
मंगलवार 11 अगस्त, 2026

**मेष**- दिन शानदार रहने वाला है। व्यापार में बड़ा लाभ होगा। पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा रहेगा।

**वृष**- दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अच्छा धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा।

**मिथुन**-आज दिन अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभ की स्थिति है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**कर्क**- दिन उत्तम रहने वाला है। भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। किसी समस्या का समाधान होगा।

**सिंह**- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। उपहार मिल सकता है। सामाजिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या**- दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में धन लाभ होगा। परिवार में खुशियां बनी रहेगी।

**तुला**- आज नयी खुशियां मिलेंगी। नये काम की शुरुआत कर सकते हैं। व्यापार में बड़ा फायदा होगा।

**वृश्चिक**-दिन अनुकूल बना रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करेंगे। रचनात्मक कार्यों से फायदा होगा।

**धनु**- दिन मिला-जुला रहेगा। कार्य में शारीरिक श्रम की अधिकता रहेगी। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर**-आज नए अवसर प्राप्त होंगे। भविष्य की योजनाएं बना पायेंगे। कारोबार में बदलाव कर सकते हैं।

**कुंभ**- दिन शानदार रहेगा। बिजनेस में नये ऑफर मिलने के योग हैं। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**- दिन सकारात्मक रहेगा। कार्यों में किसी करीबी की मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आयेंगी।


**संस्थापकः स्व.जी.एस.भण्डारी**
जी.एस.भण्डारी एण्ड को. के लिए प्रकाशक मुद्रक डा.उषा किरन भण्डारी द्वारा उत्तर उजाला प्रेस, उजाला नगर बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित व भण्डारी भवन, मल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
**मुख्य सम्पादक :** डा. उषा किरन भण्डारी
फोन : हल्द्वानी 05946-252975, पंजी.सं. आर.एन.32942/77
E-mail : uttarujala7@gmail.com website: www.uttarujala.com